## सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई



**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** चाकसू नगरपालिका क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में स्वच्छ भारत अभियान मिशन के तहत निर्मित शौचालयों की सफाई का अभियान शुरू किया गया है। स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज मीणा ने बताया कि नागरिकों के द्वारा बार बार शिकायत आ रही थी कि शौचालयों की नियमित सफाई नहीं हो रही एवं लोग बदबू व गंदगी के कारण परेशान हैं। इस आशय के समाचार भी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए हैं। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शम्भू लाल मीणा के निर्देश पर शौचालयों की सफाई का सघन अभियान आरंभ किया गया है। सफाई कर्मचारियों को अलग अलग क्षेत्रों का दायित्व दिया गया, जिससे एक निर्धारित अंतराल पर नियमित सफाई हो सके।

## माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक का किया स्वागत

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** राजस्थान सरकार में श्रीयादे माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद टांक के सीकर आगमन पर नवलगढ़ रोड़ स्थित कुमावत छात्रावास में ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेश्याम काम्या के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर नितेश पारमुवाल, राधेश्याम काम्या, रामवतार जलांधरा, मनोहरलाल चतेरा, प्रदेश उपाध्यक्ष फूलचंद कुमावत, राधेश्याम काम्या, सीताराम भोड़ीवाल, सूरजमल



धुवारिया, चिरंजीलाल भरोदिया, राजेन्द्र पारमुवाल, नितेश पारमुवाल, बृजमोहन भाटी, मंगलचंद किरोड़ीवाल, रामस्वरूप जलांधरा, रामस्वरूप भोड़ीवाल, प्रभुदयाल तूनवाल, गिरधारी लाल घोड़ेला, प्रेमराज घोड़ेला, बनवारीलाल घोड़ेला, सोनू कुमावत, रामस्वरूप मारोठिया,अनिल मारोठिया, बनवारीलाल दम्मीवाल, शेखर मरेठिया, बाबूलाल बाजोर,राजेन्द्र भोड़ीवाल, दीपचंद घटेलवाल, सुरेंद्र घोड़ेला, सुगनचंद भाटी,रामदेव भाटी, बंशीधर भादवासी, रामचंद्र देहीवाल, दिनेश नेमिवाल, मनीष कारगवाल, भगवानाराम राजौरिया, पप्पू भोड़ीवाल, अजय कुमावत, कृष्ण पारमुवाल रामवतार भोभरिया, हीरालाल नेमिवाल, नरेंद्र कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनावों के लिए 20 से 27 मार्च तक भरे जा सकेंगे नाम-निर्देशन पत्र

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु 20 मार्च से नाम-निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी तथा 27 मार्च तक अभ्यर्थियों द्वारा मिनी सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित कमरा नं. 109 में नामांकन भरे जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 मार्च गुरूवार को की जावेगी तथा 30 मार्च शनिवार तक अभ्यर्थनाएं वापस ली जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि नाम-निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के प्रोटोकॉल के तहत नामांकन भरने हेतु अभ्यर्थी सहित कुल 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन भरने हेतु आवेदन पत्र मिनी सचिवालय के प्रथम तल पर स्थापित की गई हैल्प डेस्क से प्राप्त किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेकर इस प्रक्रिया में नियोजित किए गए कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को देनी होगी सूचना

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को आपराधिक रिकॉर्ड को 3 बार अलग- अलग तय समयावधि में समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना होगा तथा टीवी चैनल्स में प्रसारित कराना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में राज्य निर्वाचन आयोग ने अभ्यर्थियों के आपराधिक रिकॉर्ड यदि कोई हो तो उन्हें प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये है।

# महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

**मॉर्निंग न्यूज @ दौसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग दौसा के तत्वावधान में मंगलवार को महिला मतदाता जागरूकता के तहत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा को जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीना ने कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान तिथि 19 अप्रेल हेतु सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। कलशयात्रा जिला कलेक्ट्रेट, दौसा से सोमनाथ चौराहा होते हुए रावत पैलेस होटल पहुंची, जहां पोषण अभियान अंतर्गत 9 से 23 मार्च तक



पोषण पखवाडा के तहत जिला स्तरीय सुपोषण मेले का आयोजन किया गया। उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, दौसा द्वारा कुपोषण को दूर करने हेतु पोषण, पढाई, जनजातीय, पारंपरिक, क्षेत्रीय और स्थानीय आहारी प्रथाओं पर आधारित पोषण पर ध्यान केंद्रित करना एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य और शिशुओं छोटे बच्चे का आहार प्रथाएं विषय पर उपस्थित मानदेय कर्मियों को विस्तृत जानकारी दी गई। मानेदय कर्मियों द्वारा कार्यशाला स्थल पर 08-10 व्यंजन प्रदर्शनी स्टॉल (जनजातीय, पारंपरिक, क्षेत्रीय और स्थानीय आहारी प्रथाओं पर आधारित) लगाई गई। व्यंजन स्टॉल प्रदर्शनी का जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, दौसा द्वारा अवलोकन किया गया।

### लोकसभा चुनाव में 18 लाख 92 हजार 354 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

लोकसभाा के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा, लोकसभा के लिए 18 लाख 92 हजार 354 मतदातदा अपने मतों का प्रयोग करेगें, जिसमें 9 लाख 99 हजार 939 पुरुष एवं 8 लाख 92 हजार 410 महिला व 5 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। की संख्या 5 है। 18 लाख 92 हजार 354 मतदाताओ के मतदान के लिए दौसा लोकसज़ा क्षेत्र की आठ विधानसज़ा क्षेत्रों में 1 हजार 965 मतदान केंद्र बनाये गये है। इधर दौसा लोकसज़ा के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी।

## शीतला माता मंदिर विकास के लिए 15 करोड़ की स्वीकृति

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू**

क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं प्राचीन धार्मिक स्थल शीतला माता मंदिर के समुचित विकास के लिए राज्य सरकार ने 15 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकसू कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा एवं नवनिर्वाचित विधायक रामावतार बैरवा के लगातार प्रयास के चलते पर्यटन की दृष्टि से शीतला माता के मंदिर के विकास के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने 15 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। विधायक रामावतार बैरवा, कैलाश शर्मा सहित सभी भाजपा पदाधिकारियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## टीकाकरण सुदृढ़ीकरण के लिए दिया प्रशिक्षण

**मॉर्निंग न्यूज @ कोटपूतली।** शहरी क्षेत्र के टीकाकरण को सुदृढ़ करने हेतु जेएसआई टीम द्वारा राजमार्ग स्थित एक निजी होटल में एक दिवसीय आरआई कम्युनिकेशन माईक्रोप्लान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मौके पर लाडली फाउण्डेशन से डॉ. आरपी जैन ने प्रशिक्षणार्थियों को टीकाकरण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए टीकाकरण कार्य को सुदृढ़ एवं बेहतर किये जाने की बात कही। जिला सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि टीकाकरण के कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतते हुये लाभार्थियों को सभी प्रकार के टीके निर्धारित समय में लगाने चाहिये एवं लाभार्थियों को आगामी टीके की तिथि बताकर समय पर टीके लगवाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिये। डॉ. अरविन्द अग्रवाल ने टीकाकरण की नियमित रूप से एन्ट्री किये जाने, ममता कार्ड, आरसीएच रजिस्टर व अन्य सभी रिकॉर्ड का संधारण किये जाने के निर्देश दिये। बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि कोई भी लाभार्थी टीकाकरण से वंचित ना रहे एवं सभी को समयावधि में ही टीके लगाकर उनका ऑनलाईन पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़, बीपीएम विजय तिवाड़ी, जेएसआई से कम्यूनिकेशन ऑफीसर शिभूमि, फील्ड कॉर्डिनेटर फतेह सिंह, पीके स्वामी व राजवीर गुर्जर, महेन्द्र कुमार स्वामी सहित प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर 2 की मौत

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** नेशनल हाइवे जयसिंहपुरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 जनों की मौत हो गयी । थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि मंगलवार दोपहर को महाजन पुरा निवासी दयाराम बागरिया व चाकसू का रहने वाला देवराज बागरिया टोंक की तरफ से बाइक पर सवार होकर चाकसू की ओर आ रहे थे इस दौरान पीछे से इनकी बाइक के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गम्भीर घायल हो गए । वही दोनो युवकों को उपजिला अस्पताल में ले जाया गया जहा डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया । दोनो युवक के मरने की खबर के बाद अस्पताल में परिजन व रिश्तेदार पहुंच गए जहा हादसे की खबर के बाद कोहराम मच गया पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया।

## स्वीप गतिविधि का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दौसा देवेंद्र कुमार एवं सहायक निर्वाचक अधिकारी बांदीकुई रामसिंह राजावत के निर्देशन में नायब तहसीलदार बांदीकुई राजेश सैनी तथा स्वीप प्रभारी महेश बनापुरिया के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप कैलेंडर के अनुसार मतदाता जागरूकता गतिविधि का आयोजन ग्राम पंचायत भांडेड़ा के तलाई वाले भेरुजी महाराज हरिपुरा में किया गया।

कला जत्था बांदीकुई द्वारा गीत अवसर आयो रे चुनाव को धमाल वोट डालने जाऊंगी आदि गीतों के माध्यम से जागरूक किया। नायब तहसीलदार राजेश सैनी द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। ग्राम विकास अधिकारी



नवीन अग्रवाल एवं स्वीप टीम बांदीकुई के राधा मोहन, प्रीतम, विजय सिंह खूंटला द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। स्वीप प्रभारी महेश बनापुरिया द्वारा कार्यक्रम के अंत में सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। तथा शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बनापुरिया ने कहा कि ग्रामीण जन अपने आस पडौस के बाहर रहने वाले मतदाताओं को फोन कर चुनाव के बारे में चर्चा कर मतदान के लिए बुलाने का आग्रह किया।कार्यक्रम में लगभग 150 महिला महिला पुरुष श्रमिक मतदाताओं ने श्रमदान में भाग लिया। वहीं स्वीप टीम ने ग्राम पंचायत भांडेड़ा में उपस्थित नरेगा महिला मतदाताओं के सहयोग से वृक्षारोपण कर मतदान जागरूकता संबंधित शपथ दिलाई। तथा लोक जत्था स्वीप टीम के सदस्य प्रीतम सिंह,राधामोहन,विजय सिंह एवं विजय शंकर शर्मा ने 19 अप्रेल का मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया।

# डिप्टी सीएमएचओ ने किया शक्ति दिवस का निरीक्षण

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई**

डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण दौसा डॉ महेंद्र सिंह गुर्जर ने बांदीकुई ब्लॉक के चिकित्सा संस्थानों,शिक्षण संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किऐ जा रहे शक्ति दिवस का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी जा रही आयरन की सिरप एवं गोलियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।



उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है अत: सभी बच्चों को साप्ताहिक रूप से आयरन की दवा खिलाएं। उन्होंने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुटी में छात्रों को अपने हाथ से दवा खिलाकर लाभान्वित किया एवं आयरन की दवाई का महत्व समझाया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र कुटी में शक्ति दिवस आयोजित नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए एएनएम को प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से शक्ति दिवस आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए।

साथ ही उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र पीचुपाड़ा खुर्द, पीचुपाड़ा कलां, आंगनबाड़ी केंद्र कुटी का भी निरीक्षण कर एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की जानकारी ली। इस दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बनवारी लाल कुम्हार, ब्लॉक कार्यक्र म अधिकारी लोकेश खण्डेलवाल, प्रधानाचार्या राजकुमारी शर्मा, अध्यापक मनभावन गुर्जर, सीएचओ हरिमोहन मीणा, एएनएम पुष्पा शर्मा भी उपस्थित रही।

## विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**मॉर्निंग न्यूज @ कोटपूतली।** राजपूताना पीजी कॉलेज में राज्य सरकार के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. एचएन धोलीवाल ने बताया कि देश में नशे की लत एवं नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है जिससे कई घर बर्बाद हो रहे हैं। समाज के सभी वर्गों में उपयुक्त वातावरण बनाने तथा जनजागृति सृजित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति हेतु जनजागृति में विष्वविद्यालय एवं महाविद्यालय अपनी अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इस दौरान टीटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार, उप प्राचार्य उमरावलाल, सहायक प्रोफेसर आरपी धोलीवाल, सुरेश कुमार रिवालिया, एसके शर्मा, ताराचंद सैनी, लेखाकार केदारनाथ सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## चिकित्सा शिविर का समापन

**मॉर्निंग न्यूज @ कोटपूतली।** खण्ड कोटपूतली के अधीन संचालित मोबाईल मेडीकल वैन (एमएमवी) द्वारा बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर के नेतृत्व में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्री खाटू श्याम पद यात्रियों की स्वास्थ्य जांच हेतु विगत 05 दिनों से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को राजमार्ग पर श्री देवनारायण मंदिर के समीप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. संजीव पटेल द्वारा भक्तों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उपचार प्रदान किया गया।

बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने बताया कि टीम द्वारा दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिविर का आयोजन कर श्री खाटू श्याम जाने वाले श्री श्याम भक्तों की स्वास्थ्य जांच कर उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं उन्हें नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है। शिविर का मंगलवार को समापन किया गया। इस दौरान बीपीएम विजय तिवाड़ी, एमएमवी टीम से विरेन्द्र कुमार यादव, सुरेश कुमार यादव, सचिन शर्मा व सुभाष चंद शर्मा आदि मौजूद रहे। विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण- बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने मंगलवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुरा, सरूण्ड आदि का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीसीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी, साफ-सफाई, दवा वितरण समेत विभिन्न व्यवस्थायें देखी। वहीं पाई गई कमियों को शीघ्र दुरूस्त करने हेतु दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करवाई जाये। वहीं साफ-सफाई समेत अन्य सभी सुविधाओं की नियमित मॉनीटरिंग की जायें। स्वास्थ्य केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिये।

## पृष्ठ एक का शेष...

### खाटूश्यामजी के लक्खी...

कम समय लगेगा। राजस्थान में सीकर के लक्खी मेले में बाबा श्याम की तस्वीर को विशेष चांदी के रथ में विराजमान किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसा पहला मौका होगा, जब बाबा खाटू श्याम अपने भक्तों को शाही ठाठ-बाट के साथ दर्शन देंगे। लकड़ी के रथ पर खास चांदी का काम करवाया गया है, जिसका वजन करीब 200 किलो बताया गया।

### राजस्थान में पहले...

क्षेत्र के लिए नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा एवं 4 जून को मतगणना को होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर मे नामांकन-प्राप्त करने वाले रिटर्निंग अधिकारी के निर्धारित कक्ष में प्रवेश के लिए मेन गेट एवं चैनल गेट तय किए गए हैं।

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू रहेगी धारा-144 :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 प्रभावी रहेगी। इस दौरान कोई व्यक्ति, राजनीति पार्टी, संस्था बिना वैध अनुमति के जुलूस, सभा, रैली एवं सार्वजनिक सभा नहीं कर सकेगा तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं कर सकेगा। प्रत्येक सभा, जुलूस एवं सार्वजनिक सभा की अनुमति आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग भारत सरकार के निर्देशों की पालना के तहत होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत अभ्यर्थी या राजनीतिक दल किसी निजी सम्पत्ति पर अपने बैनर या झंडे लगवा कर चुनाव प्रचार-प्रसार करना चाहते हैं तो इसके लिए संबंधित मालिक से लिखित स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

### जयपुर शहर...

जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। दोपहर 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति सहित कुल 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

### बड़ी मछलियों...

तीसरी बार रिमांड पर लिया गया है। मंगलवार को उन्हें चौथी बार फिर से कोर्ट में पेश ओर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। बता दें कि सब इंस्पेक्टर परीक्षा 2021 बैच के टॉपर समेत ये ट्रेनी थानेदार बीते 13 दिनों से जांच एजेंसी एसओजी की रिमांड पर चल रहे हैं। इस केस की कार्रवाई जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे नित नए खुलासे हो रहे हैं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल...

कर घुस रहे हैं। बीजेपी की तरफ इतना रुख है कि इस बार 25 की 25 सीट आएगी। इस दौरान चिरंजीवी योजना को लेकर बोले- ये केवल झूठ था और इसका फायदा किसी को नहीं मिला। किसी को 25 लाख का इलाज नहीं मिला, 90 प्रतिशत लोगों को 3 लाख से ज्यादा का इलाज नहीं मिला। निर्दलियों पर उन्होंने कहा कि कई लोगों को टिकट नहीं मिलता है तो निर्दलीय चुनाव लड़ लेते हैं, लेकिन वे हैं तो हमारे ही।

**पायलट के नजदीकी नेताओं ने जॉइन की भाजपा :** पोकरण विधायक प्रतापपुरी के साथ पहुंचे कांग्रेस नेता और मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान खांगटा ने भी भाजपा जॉइन की। वहीं गोटन (नागौर) सरपंच सुरेश गुर्जर और कांग्रेसी नेता पप्पूराम डारा के साथ भाजपा जॉइन की। सुरेश गुर्जर सचिन पायलट के नजदीकी है और 40 साल से कांग्रेस में थे।

### कोटा में...

कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी के लिए भर्ती करवाया था। इस दौरान उसके अगवा होने की खबर आई तो पुलिस कोचिंग व हॉस्टल पहुंची मगर वहां पर काव्या का पंजीकरण नहीं मिला तो अपहरण की गुत्थी उलझ गई। समाचार लिखे जाने तक हमने जब सिटी एसपी दुहन से बात की तो उन्होने कहा कि आरोपी चिन्हिंत हो गए है जल्द ही वारदात खोल देंगे।

### उदयपुर में...

विधायक अमृतलाल मीणा पहुंचे। दोनों नेता मंच पर गए, लेकिन कुर्सियों पर अपना नाम नहीं देखकर नाराज होकर नीचे उतर गए। मंच के सामने कार्यकर्ताओं के लिए लगी कुर्सी पर जाकर बैठ गए। मंच से भाजपा नेता प्रमोद सामर और उदयपुर शहर अध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली दोनों नेताओं के पास गए और मंच पर आकर बैठने को कहा।

### सीईसी बैठक...

और दूसरे फेज की 4 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है। अभी 15 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है। पहले फेज में जिन सीटों पर चुनाव होंगे, उनमें अलवर, भरतपुर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं पर उम्मीदवार घोषित हो चुके हैं। दूसरे फेज की जोधपुर, जालोर-सिरोही, चित्तौड़गढ़ और टोंक-सवाई माधोपुर सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है।

**सीकर-नागौर सीटों पर सबसे ज्यादा मंथन :** सीईसी की बैठक में चर्चा के बाद कांग्रेस कभी भी उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। पहले फेज में जिन सीटों पर वोटिंग होनी है, उन पर पहले उम्मीदवारों की घोषणा होगी। अगर सहमति नहीं बनी तो दूसरे फेज वाली सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा बाद में करने पर भी विचार हो सकता है। पहले फेज की नागौर और सीकर सीटों पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। इन सीटों पर गठबंधन करने या नहीं करने पर फैसला आज हो जाएगा। नागौर सीट पर आरएलपी से गठबंधन पर आज फाइनल फैसला होने की संभावना है।

### ईडी के सभी...

एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। दिल्ली जल बोर्ड केस में उन्हें सोमवार को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं गए, जबकि शराब नीति केस में उन्हें 21 मार्च को बुलाया गया है। केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए थे। ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 17 मार्च को समन भेजकर 18 मार्च को बुलाया था।

**NAME CHANGE**

I Have Changed My Name From Abdul Vasid To New Name Vasid Khatri For All Purpose Address Edgah Masjid Ke Pass Ward No.08 Ratangarh Churu Raj 331022

I Have Changed My Name From Neha To Neha Soni. For All Proposes Add- Flat No.506 Plot No.1 Sdc Courtyard Ramnagariya Jagatpura Jaipur.

We Tansukh Rai Jangir And Anju Jangir Changed My Son Name Yash S/O Tansukh To Yash Jangir S/O Tansukh Rai Jangir For All Purpose Add.Ward No.03 Alsisar Jhunjhunu Raj 331025

We Tansukh Rai Jangir And Anju Jangir Changed My Daughter Name Sakshi D/O Tansukh To Sakshi Jangir D/O Tansukh Rai Jangir For All Purpose Add.Ward No.03 Alsisar Jhunjhunu Raj 331025